भाजपा स्थापना सप्ताह को लेकर बैठक संपन्न

झुंझुनूं, भाजपा के स्थापना दिवस समारोह सप्ताह का शनिवार को समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न मंडलों और बूथों पर सामाजिक सरोकार के कार्यक्रम हुए। वहीं सप्ताहभर चले कार्यक्रमों की समीक्षा करने के लिए सप्ताह के जयपुर संभाग प्रभारी राजेंद्र कुमार गहलोत भी झुंझुनूं पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर सप्ताहभर हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की। विधायक राजेंद्र भांबू व जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी भी बैठक में मौजूद थे। सप्ताह भर चले कार्यक्रमों के संयोजक इंजीनियर प्यारेलाल ढूकिया ने सभी मंडलों और बूथों पर हुए कार्यक्रमों की रिपोर्ट संभाग प्रभारी को सौंपी।

संभाग प्रभारी व विधायक भांबू ने बताया कि सप्ताहभर हुए कार्यक्रमों में भाजपा के पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर बूथ स्तर पर कार्यक्रम कर सामाजिक सरोकार निभाया है। वहीं हर घर पार्टी का झंडा कार्यक्रम में भी हजारों घरों पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी का झंडा फहराया है। इस मौके पर संभाग प्रभारी ने कहा कि अब 13 अप्रेल से 25 अप्रेल तक बाबा साहेब की जयंती के मौके पर सिलसिलेवार कार्यक्रम होंगे।

श्योपुरा बालाजी धाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

बालाजी ने लाड़ लडावे माता अंजना.....

चूरू । जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव श्योपुरा बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बालाजी महाराज का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। शुक्रवार रात्रि को मंदिर प्रांगण में विशाल रात्री जागरण का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी हरिचरण शर्मा ने महाराज गजानंद थे आओ म्हारी सभा में रंग बरसाओ से कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर भजन गायकर संजय सर्वा ने कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है सहित अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिये।

चूरू के श्याम लाल उपाध्याय ने आज हनुमान जयंती है ऐसा लगता है पूरे संसार की जयंती है.., बालाजी ने लाड लडावे माता अंजना आदि भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में हरियाणा के कलाकारों की सजीव झांकियां व नृत्य-नाटिका आकर्षण का केन्द्र रही। मंदिर के प्रमोद पीपलवा ने बताया कि शनिवार को सुबह 8 बजे मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हिसार के संदीप के सानिध्य में बाहुबली हनुमान झांकी, राधा-कृष्ण झांकी, महाकाल, अघोरी झांकियां सजाई गई। शोभायात्रा मंदिर से रवाना होकर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पहुंची। मंदिर में षनिवार का रामगढ़ शेखावाटी के कलाकारों द्वारा संगीत मय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महावीर पुजारी, मयंक पुजारी, योगेश बील, इशु, शंकर, श्याम मंदिर के पुजारी भोलाराम, पूर्व मंत्री राजकुमार, दीनदयाल रामगढ़िया, रामलाल मील, किशन, रामगढ़ के सुरेश, रामावतार चोटिया, उत्तम कुमार बील, कैलाश चंद्र नवहाल, नारायण भाटी, ज्योति प्रकाश काछवाल, हीरालाल सैनी, पूर्व सरपंच पवन सैनी आदि ने सहयोगी भूमिका निभाई।

बालाजी महाराज का रंग-बिरंगे फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया, रात्रि को मंदिर प्रांगण में विशाल रात्रि जागरण का आयोजन किया गया।

- सजीव झांकियां रही आकर्षण का केंद्र

हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

रतनगढ (निसं)श्री तालवाले बालाजी मंदिर से हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार को शोभायात्रा शहर के प्रमुख बाजारों निकाली गई। शोभायात्रा में राम दरबार की झांकी, अश्व सवार राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघन शामिल हुए। शोभायात्रा को देखने के लिए बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी। जय सियाराम जय, जय हनुमान के कीर्तन के साथ शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन मंदिर प्रांगण में पहुंची। शोभा यात्रा का अठावाल सेवा समिति, खाण्डल विप्र सेवा संस्थान, नामदेव समिति, गौड़ ब्राह्मण सेवा समिति, लायन्स क्लब प्रेरणा, भारत विकास परिषद सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों व गणमान्यजनों ने शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शर्बत व नींबू पानी पिलाया व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इससे पूर्व मंदिर प्रांगण में हनुमान जी महाराज का रूद्राभिषेक आचार्य पं. नवीन हारित व अजय इंदौरिया के सानिध्य में विद्वानों ने करवाया। शोभायात्रा का मेहंदीपुर बालाजी मंदिर के पास मंदिर के गोत्तम जोशी, कुंजबिहारी जोशी, राहुल जोशी व बृजबिहारी जोशी पुजारी परिवार के सदस्यों व श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

सार-समाचार

फुटबॉल प्रतियोगिता में रूचिका का चयन

सीकर। एन.एच 52 स्वामी केशवानंन्द शिक्षण संस्थान भढाडर सीकर की कक्षा 9 की छात्रा रूचिका जांगिड का चयन 68वीं एसजीएफआई अंडर 14 बालिका वर्ग राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम में किया गया है। चयनित खिलाड़ी 25 अप्रेल से 29 अप्रेल तक कोल्हापुर, महाराष्ट्र में आयोगित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। जानकारी देते हुए खेल प्रभारी राहुल ढाका ने बताया कि संस्थान के कक्षा 9वीं की छात्रा रूचिका जांगिड ने अत्याधुनिक सुविधाओं से लेस केशवानंन्द स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के फुटबॉल मैदान पर नियमित अभ्यास करके इस उपलब्धि को हासिल किया है। राजस्थान बालिका फुटबॉल टीम में सीकर जिले से केवल एक ही छात्रा का चयन हुआ है और वह भी केशवानंन्द एकेडमी के खिलाड़ी है। छात्रा रूचिका जांगिड की इस उपलब्धि पर संस्थान निदेशक रामनिवास ढाका, चैयरमैन सुरेन्द्र सिंह ढाका, सहनिदेशक गोपाल सिंह ढाका, प्रधानाचार्य विजेन्द्र सिंह सहित प्रबंधन सदस्यों एवं स्टॉफ ने कोच नरेश श्योराण और छात्रा एव छात्रा के अभिभावक को बधाई प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

श्रद्धालुओं ने दी यज्ञ में आहुतियां

चूरू। रेलवे कॉलोनी स्थित हनुमान मन्दिर में शनिवार को हनुमान जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन समिति के रमेष चन्द्र षर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम को भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। वहीं शनिवार को प्रातः बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना कर यज्ञ किया गया, जिसमें मुख्य यजमान संतलाल बरोड़, बजरंगलाल प्रजापत, दिलीप सिंह, बाबूलाल मीणा, संजीव सोनी ने सपत्नीक यज्ञ में आहुतियां दी। शर्मा ने बताया कि हनुमान जयंती महोत्सव को लेकर शनिवारको भव्य मेले का आयोजन किया गया और दोपहर को बालाजी महाराज के भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बालाजी के भोग लगाकर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित थे।

निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागी पुरस्कृत

सीकर । सोहनी देवी माथुर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित निंबध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को समारोह में पुरस्कृत किया गया। संस्थान के सचिव मणिलाल माथुर ने बताया कि निबंध प्रतियोगिता में करीब 600 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इसमें प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक के विद्याथयों में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार व प्रत्येक स्तर पर अन्य श्रेष्ठ निबंधों के लिए सांत्वना पुरस्कार दिया गया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व पार्षद गोकुल प्रसाद माथुर ने की एवं मुख्य अतिथि राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेंद्र कुमार सोरठा थे। अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से नियमित रूप से लेखन के अभ्यास पर बल देने का आव्हान किया। संयोजक नंदलाल माथुर ने आभार व्यक्त किया व संचालन ठामीण महाविद्यालय में व्याख्याता डॉ. संगीता गर्व ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सत्यनारायण शर्मा, रामावि सरवड़ी के प्रधानाचार्य सांवरमल पाटनी, सुमित्रा मेमोरियल उमावि लोसल के प्रधानाचार्य दौलत सिंह, सेवानिवृत सहायक लेखाधिकारी मेघराज शर्मा, वरिष्ठ अध्यापक मधुसूदन सैनी, राजनारायण माथुर आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान काफी संख्या में लोग व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर महाआरती की

मुकुंदगढ़, भींचरी रोड पर स्थित कुआं वाले बालाजी मंदिर परिसर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर पुजारी रामगोपाल सैनी के सानिध्य में दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम हुए। जिसमें शुक्रवार शाम को भक्तों व धर्म प्रेमियों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। रात्रि को भक्तों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर बाबा को रिझाया। शनिवार सुबह बाबा को छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर मंदिर में दिनभर भक्तों का ताता लगा रहा। इस मौके पर मंदिर को सतरंगी रोशनी व फूलों से आकर्षक सजावट की गई। इस अवसर पर सैंकड़ों भक्तगण व कार्यकर्ता, धर्मप्रेमी मौजूद थे।

धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

सीकर । यहां पिपराली रोड न्यू जनता कॉलोनी मे श्री बाई के बालाजी धाम में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया श्याम भक्त रामगोपाल गोपी ने बताया कि कथा वाचिका साध्वी किरण बाईसा ने बालाजी महाराज के एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत किये इस अवसर पर अनीता कांकड़ोलिया, मुकेश भाई,मानसिंह, पुरुषोत्तम, नर्मता शर्मा, रितेश, सनी, योगी, परमा बाई, सहित काफी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

वाहन रैली के पोस्टर विमोचन किया

झुंझुनूं, सर्व समाज एकता मंच झुंझुनूं द्वारा 14 अप्रेल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित चतुर्थ जिला स्तरीय विशाल वाहन रैली का पोस्टर विमोचन जिला कलेक्टर रामावतार मीणा द्वारा किया गया। मंच के संयोजक प्रदीप चंदेल ने बताया कि शाम चार बजे रैली गांधी चौक से कलेक्टर हरि झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। जिसमे संपूर्ण जिले से बाबा साहेब के अनुयायी और सर्वसमाज के लोग भाग लेंगे। मंच के सदस्य राजेश बजाड़ व अजय काला ने बताया कि इसके लिए समिति द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। रैली गांधी चौक से शाहों वाला कुआं होते हुए जेपी जानूं स्कूल, बस डिपो होते हुए समापन अंबेडकर पार्क में होगा। इस अवसर पर समिति सदस्य, कमल मीणा, विजय नायक, पवन आलड़िया आदि उपस्थित थे।

लाभार्थियों को योजनाओं की जानकारी दी

मलसीसर, भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर सेवा सप्ताह के अंतर्गत मंडावा विधानसभा क्षेत्र के मलसीसर ठामीण मंडल में मलसीसर के गांधी चौक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं स्थापना दिवस के जिला संयोजक इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने केंद्र व राज्य सरकार के लाभार्थियों से मिलकर योजनाओं की जानकारी दी एवं भाजपा स्थापना सेवा पखवाड़ा दिवस मनाया। ढूकिया ने बताया कि सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को कामयाबी के साथ-साथ उनके अतीत एवं संघर्ष को भी याद रखना होगा तथा भाजपा ने एकात्म मानववाद को आगे बढ़ाया और मोदीजी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास के रूप में अंत्योदय को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अमित व्यास, पूर्व मंडल अध्यक्ष सीताराम शर्मा, चिरंजीलाल चौमाल, सुधीर चौमाल, भवानीसिंह शेखावत, रक्षपालसिंह सैन, शशिकांत, वीरेंद्रसिंह खींची, पिंटू सिंह, सुनिल शर्मा, मुकेश कुमार मीणा, सनी कुमार, दीपक कुमार सैनी, राहुल कुमार, सज्जन शर्मा, शराफत पहाड़िया, कृष्णकुमार झुनझुनवाला, सुनील चौमाल, बुधराम सैन, राजेश प्रजापत, लक्ष्मीकांत मिश्रा, आशीष शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रवासी बंधुओं ने गौशाला आकर गौ सेवा की

झुंझुनूं, (निसं) श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं में शनिवार को मुंबई प्रवासी वीना जालान, सीए दीनबंधु जालान, जयपुर प्रवासी सरला जगनानी, रमेश जगनानी एवं रमाकांत तुलस्यान द्वारा अपने हाथों से गौवंश को गेहूं के आटे से बनी रोटियां, गुड़ एवं हरि चरी खिलाकर गौ सेवा की गई।

इस अवसर पर गौशाला प्रबंध समिति अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अठावाल एवं डॉ. डीएन तुलस्यान द्वारा प्रवासी बंधुओं का माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर गौमाता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। सीए दीनबंधु जालान ने अध्यक्ष एवं मंत्री से गौशाला में अपनी ओर से विशेष सहयोग करने की इच्छा प्रकट की। जिस पर अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अठावाल ने गौशाला को विभिन्न आवश्यकता से उन्हें अवगत करवाया। जिस पर जालान ने शीघ्र ही गौशाला को सहयोग करने का आश्वासन दिया।

देवेंद्र का फुटबॉल की नेशनल ट्रायल में चयन

सीकर। कोलीडा के राजकीय उच्चमाध्यमिक विद्यालय के छात्र का 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान की फुटबॉल टीम के ट्रायल में चयन हुआ है। राजकीय उच्च माध्यामिक विद्यालय कोलीड़ा के शारीरिक शिक्षक सुमेर सिंह ख्यालिया ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 9 के छात्र देवेंद्र कुमार को 14 वर्ष छात्र वर्ग की नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के चयन ट्रायल में आमंत्रित किया गया है।

मंदिरों में गूंजे जय श्री राम के जयकारे

पाटन । हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर पाटन कस्बे में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। नीमकाथाना रोड स्थित ऐतिहासिक रामतलाई के पास प्राचीन श्री सीताराम मंदिर में विराजमान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से संपूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम के पश्चात भव्य महाप्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ठाहण की। यह प्राचीन मंदिर रियासत काल का बताया जाता है, जिसमें भगवान सीताराम जी एवं श्री हनुमान जी विराजमान हैं।करीब 20 वर्ष पूर्व मंदिर में विराजित हनुमान जी की प्रतिमा खंडित हो गई थी, जिसके पश्चात स्व. काशीनाथ दीवान द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठान कर नई प्रतिमा की पुनः स्थापना करवाई थी।

मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य भी स्व. दीवान की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती संतोष दीवान द्वारा करवाया गया, जो आज भी श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।इस विशेष अवसर पर दीवान परिवार के सदस्यों द्वारा सभी आगंतुक भक्तों का ससम्मान स्वागत एवं अभिवादन किया गया।इसी क्रम में, चीरघा घाटी वाले हनुमान मंदिर, डाबला तिराहा स्थित हनुमान मंदिर, तथा जोहड़ा मंदिर में भी हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सभी स्थानों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरे दिन भजन, कीर्तन, हवन तथा प्रसादी वितरण का क्रम चलता रहा।हनुमान जन्मोत्सव ने पूरे क्षेत्र को भक्ति रस में सराबोर कर दिया।

राजलदेसर में अंबेडकर जयंती 14 को, बैनर का विमोचन

राजलदेसर । कस्बे में संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वी जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे आयोजन को लेकर अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर बेनर का विमोचन किया गया जिसमें 14 अप्रैल को कार्यक्रम को लेकर आयोजनकर्ताओं ने बताया विशाल रैली अंबेडकर भवन से रवाना होगी जो कस्बे के मुख्य मार्गों से होते हुई अंबेडकर भवन पहुंचेगी उसके बाद आए हुए अतिथियों का सम्मान किया जाएगा कार्यक्रम के उपरांत अनुसूचित जनजाति के राजलदेसर तहसील स्तरीय छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन होगा साथ ही समाज में राजकीय सेवा में पदोन्नित हुई है उनका भी सम्मान किया जाएगा इसके अलावा हाल ही राजकीय सेवा से सेवानिवृत हुए समाज के व्यक्तियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा इसके बाद समाज के छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी एवं प्रसाद वितरित किया जाएगा आयोजन को लेकर कार्यक्रम स्थल को जोर-शोर से तैयारी में लगे हुए है । इस अवसर पर चैन रूप भाटिया, रतनलाल बारूपाल, कालूराम तंवर, कालूराम बारूपाल, कालूराम मेघवाल, विकाश वाल्मीकि, संजय वाल्मीकि, भोजराम मेघवाल, लालचंद बारूपाल, किशन तंवर, लालचंद मेघवाल, रामेश्वर तंवर, राजूराम मेघवाल, प्रेमरत्न तंवर सहित अनेकों व्यक्ति उपस्थित रहे ।

- निकलेगी भव्य रैली , प्रतिभाओं का किया जाएगा सम्मान

जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा

झुंझुनूं, शनिवार को जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा दो पारियों में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। दूसरी पारी में पहले की बजाय ज्यादा उत्साह देखने को मिला। पहली पारी में जहां 71.67 फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पहुंचे तो दूसरी पारी में यह प्रतिशत मामूली बढकर 73.54 प्रतिशत तक रहा। झुंझुनूं जिला मुख्यालय के 34 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें पहली पारी में 12120 तथा दूसरी पारी में भी इतने ही परीक्षार्थी 12120 पंजीकृत थे। झुंझुनूं जिले के सभी परीक्षार्थियों को झुंझुनूं जिला मुख्यालय का ही परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था।

एबीएन स्कूल का प्रवासियों ने किया अवलोकन

झुंझुनूं, झुंझुनूं प्रगति संघ मुंबई द्वारा संचालित चूणा चौक राणी सती रोड स्थित आदर्श बाल निकेतन स्कूल का अवलोकन मुंबई, जयपुर, पुणे एवं नेपाल से झुंझुनूं प्रवास के दौरान आए प्रवासियों ने किया। स्कूल आगमन पर मुंबई से सीए दीनबंधु जालान, अशोक तुलस्यान, सुरेंद्र गाडिया, अंजनी गाडिया, पवन केडिया, जयपुर से रमेश जगनानी, रमाकांत तुलस्यान, सुधीर गाडिया, राधेश्याम ढंढारिया, विजय मित्तल पूना, नंदकिशोर केडिया नेपाल, वीना जालान, अनिता तुलस्यान, बबिता गाडिया, सविता गाडिया, सरला जगनानी, उषा ढंढारिया का स्कूली छात्राओं द्वारा तिलकार्चन कर स्वागत किया गया एवं सभी ने स्कूल परिसर में स्थापित सरस्वती प्रतिमा पर पुष्पांजलि की। स्कूल प्रबंध समिति की ओर से सचिव परमेश्वर हलवाई, सदस्य डॉ. डीएन तुलस्यान, प्राचार्य डॉ. अजय कुमार शर्मा एवं प्राचार्या अनिता महमिया ने सभी आगंतुकों का माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर स्वागत अभिनंदन किया। सभी आगंतुकों में अधिकांश एबीएन स्कूल के पूर्व छात्र थे। जिन्होंने अपनी पुरानी यादों को एक दूसरे से साझा करते हुए खूब हंसी मजाक किए एवं स्कूल की तरक्की देखकर खुश हुए।

पंचायतों व निकायों के पुर्नगठन मामले में कांग्रेस ने किए प्रभारी नियुक्त

झुंझुनूं, भाजपा सरकार द्वारा मनमाने ढंग से नगर निकाय व पंचायती राज संस्थाओं में किया जा रहे परिसीमन, पुनर्गठन एवं सीमावृद्धि से असंतुष्ट नगर निकाय पंचायती राज क्षेत्र के लोगों से आपत्तियां लेने के लिए प्रदेश कांठोस कमेटी के निर्देशानुसार झुंझुनूं जिला कांठोस कमेटी द्वारा जिले की सभी विधानसभा में दो-दो प्रभारी नियुक्त किए गए हैं।

सभी प्रभारी को 21 तक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र से आपत्तियां एकत्र कर जिला कांठोस कमेटी झुंझुनूं को जमा करानी है। इसके बाद 23 अप्रेल को जिला कांठोस कमेटी के प्रतिनिधियों द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से सुबह 10 बजे मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। झुंझुनूं कांठोस प्रवक्ता संतोष सैनी व शाहबाज फारूकी ने बताया कि आपत्तियां लेने के लिए जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा द्वारा मंडावा विधानसभा में सलीम सिगड़ी व किरोड़ीमल पायल, उदयपुरवाटी विधानसभा में राजेंद्र सिंह गिल व एडवोकेट श्रवण सैनी, झुंझुनूं विधानसभा में सुमेरसिंह महला व अजमत अली, पिलानी विधानसभा में शेरसिंह नेहरा व एडवोकेट संजय सैनी, सूरजगढ़ विधानसभा में डीपी सैनी व मानसिंह सहारण, नवलगढ़ विधानसभा में तारा देवी पूनियां व सुमेर मेघवाल, खेतड़ी विधानसभा में चुन्नीलाल चनेजा व राजकुमार ढाका को विधानसभा प्रभारी नियुक्त किया गया है।

पर्यावरण सरंक्षण एवं सड़क सुरक्षा संकल्प यात्रा हुई प्रारंभ

झुंझुनूं,राज्य स्तरीय पर्यावरण सरंक्षण एवं सड़क सुरक्षा संकल्प यात्रा जिला मुख्यालय शहीद स्मारक से प्रारंभ हुई। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज मील व यातायात प्रभारी हरफूल सिंह मीणा ने यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

साथ ही जन जागरूकता पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। यात्रा संयोजक मनोज मन्नू परदेशी ने बताया कि संपूर्ण राजस्थान की लगभग एक माह से अधिक की इस पर्यावरण सरंक्षण एवं सड़क सुरक्षा संकल्प यात्रा के दौरान लोगों को पर्यावरण व जीव जंतु के संरक्षण के लिए हर व्यक्ति अपना कर्तव्य समझने व सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया जाएगा।

श्री गोपाल गौशाला झुंझुनूं को 11 गायों का होगा गौदान

झुंझुनूं, श्री बाबा गंगाराम धाम श्री पंचदेव मंदिर के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में स्वर्ण जयंती समारोह 16 एवं 17 अप्रेल को भव्य रूप से झुंझुनूं में आयोजित होने जा रहा है। इस अवसर पर देश-विदेश के कोने-कोने से हजारों प्रवासी भक्तों का आना प्रारंभ हो चुका है। इस अवसर को गौ सेवा के साथ शुरू करने के प्रकल्प को ध्यान में रखते हुए मंदिर के मुख्य ट्रस्टी अनिल मोदी ने श्री गोपाल गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं डॉ. डीएन तुलस्यान से श्री पंचदेव मंदिर में शनिवार को आपसी विचार विमर्श के साथ अपनी इच्छा जताई कि वे इस अवसर को यादगार बनाने के लिए वे गौ सेवा में कुछ अच्छा करना चाहते हैं।

- श्री पंचदेव मंदिर के स्वर्ण जयंती समारोह पर

इस अवसर पर उपस्थित संजय जालान हैदराबाद, प्रदीप मोदी सूरत, झुंझुनूं से प्रदीप पाटोदिया, सुनिल (बंटी) मोदी के साथ आपसी चर्चा करते हुए विभिन्न सेवा कार्यों के बारे में उन्हें बताया गया जिस पर उन्होंने कहा कि बाबा गंगाराम जी की इच्छा के अनुसार भक्त शिरोमणि श्री देवकीनंदन जी एवं माता गायत्री देवी का हमेशा ही गौ सेवा में रुझान रहा है। उन्होंने इस अवसर पर 11 गायों का गौदान करने की स्वीकृति दी है। स्वर्ण जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर 11 गायों का गौदान पंचदेव मंदिर झुंझुनूं परिसर में 15 अप्रेल मंगलवार सुबह 9 बजे विधि विधान के साथ विद्वान पंडितों के आचार्यत्व में किया जाएगा। श्री गोपाल गौशाला में लगातार गौसेवा के लिए भामाशाहों की मदद मिल रही है। गौशाला में गौसेवा पर विश्वास की मोहर लगाते हुए विकास के कार्य लगातार हो रहे है। अब 11 गायों का गौदान करने की स्वीकृति पंचदेव मंदिर की ओर से मिली है है। गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अठावाल ने बताया कि दानदाताओं का गौशाला के प्रति विश्वास दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। जिससे दानदाता बड़ी संख्या में जुड़कर गौ सेवा में आगे आ रहे हैं।

राठौड़ के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकाधिक पधारने का आव्हान

रतनगढ । स्थानीय पोद्दार गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता व भाजपा जिला उपाध्यक्ष भगीरथ सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आगामी 21 अप्रैल को चूरू के पुलिस लाइन में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल जनसभा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष शर्मा ने आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ को ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में पधारने का आ ान किया। बैठक में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, प्रदेश मंत्री वासुदेव चारण, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विक्रम सिंह कोटवाद ने राठौड़ के जन्मदिवस पर आयोजित कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। भाजपा जिला उपाध्यक्ष भगीरथ सिंह राठौड़ ने आगंतुक सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुवे राठौड़ को भाजपा का अठिाम पक्ति का नेता बताते हुवे 21 अप्रेल को राठौड़ का जन्मदिवस चूरू पुलिस लाइन में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर हर्षोल्लास व जोश खरोश के साथ मनाने का आ ान किया। इस अवसर पर बजरंग गुर्जर, सुशील लाटा चूरू, पूर्व प्रधान संतोष तालनिया, दीनदयाल सैनी, अर्जुन सिंह फ्रांसा, सरपंच जगजीत सिंह, पवन सिंह कुसुमदेसर, पंचायत समिति सदस्य बाबूलाल प्रजापत, गोपाल कृष्ण शर्मा, महेश सैनी, सुशील इन्दोरिया, सरपंच दातार सिंह, पवन बोथरा, सुप्यार चारण, स्वरूप सिंह सेहला, गिरधारी प्रजापत, देवेंद्र सिंह राठौड़ नोसरिया, गोपाल पारीक, प्रल्हाद भार्गव, कालीचरण भार्गव, हनीफ खत्री सहित सेंकडो कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन पूर्व पालिकाध्यक्ष शिव भगवान कम्मा ने किया।

राठौड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित विशाल जनसभा को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

- 21 अप्रैल को चूरू के पुलिस लाइन में राठौड के जन्मदिन के उपलक्ष्य में जनसभा होगी
- भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया

आवेदन निरस्त करने के आदेश

रतनगढ(निसं)शहर की नंदीशाला में चल रही शिव महापुराण कथा को सुरक्षा की दृष्टि से निरस्त करने के आदेश गत दिवस देर शाम प्रशासन द्वारा जारी किए गए हैं। उपखंड अधिकारी रामकुमार वर्मा द्वारा जारी आदेशों में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए उक्त आदेश जारी किए गए हैं। एसडीएम द्वारा जारी आदेशों में उल्लेख किया गया है कि जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, एडिशनल एसपी सहित अनेक पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बार-बार व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के आदेश देने के बाद भी आयोजनकर्ता द्वारा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ नहीं किया गया, जिसका खामियाजा शुक्रवार को देखने को भी मिला। एसडीएम ने कहा की यदि इसके उपरांत भी उक्त आयोजन संचालित होता है, तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वहीं दूसरी ओर कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने वीडियो जारी कर बिना प्रशासन स्वीकृति कथा नहीं करने की बात कही साथ ही श्रद्धालुओं से घरों में रहकर हनुमान जयंती मनाने की अपील की। गौरतलब है कि गत दिवस कथा के प्रथम दिन तेज आंधी व बरसात के बाद बिना फाउंडेशन लगाया गया।

विप्र ज्योतिष मंच ने किया आचार्य अभिमन्यु पाराशर का सम्मान

शिमला, विप्र ज्योतिष मंच संस्था जयपुर द्वारा बैजनाथ झारखंड में होटल मैगणम में अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें शिमला निवासी आचार्य अभिमन्यु पाराशर को ज्योतिष के पुनरुत्थान में उनकी विद्वतापूर्ण उपलब्धि व योगदान करने तथा सरल उपायों के माध्यम से व्यक्ति कैसे ठीक हो विषय पर अपना ज्योतिषीय शोध प्रस्तुत करने पर ज्योतिष के मूर्धन्य विद्वान आचार्य शिव लहरी शर्मा, पं. रामानंद शर्मा, आचार्य श्याम मिश्रा, पं. अरुण मिश्र, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया। इस अवसर पर कई ज्योतिष हस्तियां भी शामिल हुई।

पाराशर को सम्मान मिलने पर ज्योतिष आचार्य डॉ. जगदीश महाराज, पं. कौशलदत्त शर्मा, डॉ. नरेंद्र शर्मा, डॉ. सुरेंद्र शर्मा, आचार्य डीपी शास्त्री, समाजसेवी गोपाल भाई, कैलाशचंद्र शर्मा, जेपी शर्मा, डॉ. रमन सेंगर, राजेश शर्मा, ओंकारमल शर्मा, पं. गोविंदराम शर्मा, बजरंगलाल यादव, बबलू समाजसेवी, राजकुमार यादव गुरुजी, अशोक शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, लक्ष्मण शर्मा पुजारी, जनेश, डॉ. बालकिशन शर्मा, डॉ. रामानंद शर्मा, एडवोकेट संजय सुरोलिया, डॉ. ताराचंद शर्मा, आन